हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम से हरियाणा पुलिस के लिए 312 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल्स को झंडी दिखाकर रवाना किया - मुख्यमंत्री ने कहा ये वाहन आपात स्थिति में लोगों तक शीघ्र सहायता पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने मेक इन हरियाणा नीति जारी की - एआई सैंडबॉक्स और स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल का लोकार्पण भी किया।
- मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राज्यव्यापी योग अभ्यास अभियान का शुभारंभ किया।
- अंबाला शहर के नजदीक गांव मंडोर मे गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग पर काबू पाया गया - किसी के हताहत होने की सूचना नहीं।
- कुरुक्षेत्र के लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी डॉक्टर को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

--------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम के लेजर वैली पार्क में राज्य पुलिस के लिए 312 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल्स -ईआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में 310 मोटरसाइकिल और 2 गाड़ियां

शामिल हैं, जिन्हें होंडा इंडिया फाउंडेशन ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से उपलब्ध कराया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रदेश में जन सुरक्षा को और मजबूत बनाने के साथ-साथ आपात स्थिति में लोगों तक शीघ्र सहायता पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गुरुग्राम को 60 मोटरसाइकिल और एक गाड़ी, फरीदाबाद को 40 मोटरसाइकिलें और एक गाड़ी उपलब्ध करवाई गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों को 210 मोटरसाइकिल दी गई हैं। इन वाहनों को विभिन्न संवेदनशील और प्रमुख क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सहायता कम से कम समय में उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में पुलिस का औसत प्रतिक्रिया समय लगभग 18 मिनट है, जबकि हरियाणा पुलिस ने इसे घटाकर मात्र 7 मिनट 3 सेकंड तक पहुंचा दिया है। यह उपलब्धि पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता, बेहतर प्रबंधन और आधुनिक कार्यप्रणाली का परिणाम है।

-------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में एआई सैंडबॉक्स का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म शासन, विकास व नवाचार की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति भी जारी की। प्रदेश में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य लेकर जारी की गई इस नीति के पहले ही दिन 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के एमओयू हुए। इसके साथ-साथ

मुख्यमंत्री ने 9 नई सेक्टोरल नीतियों और एक स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल भी जारी किया।

इस अवसर पर उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा-

--------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राज्यव्यापी योग अभ्यास अभियान का शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 21 जून तक हर स्तर पर योगाभ्यास शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग ने हजारों वर्षों से मानवता को संतुलित, स्वस्थ और आध्यात्मिक जीवन की राह दिखाई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को विश्व पटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया इसे अपना रही है।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से योग को अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया।

------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में शिकायत निवारण समिति की बैठक में रखे गए 16 मामलों में से 13 का मौके पर समाधान किया।

मुख्यमंत्री ने बताया –

-------------------

आज सुबह अंबाला शहर के नजदीक गांव मंडोर स्थित एक गद्दा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। जिसमे लाखों रुपयों का सामान जल कर राख हो गया।

सात दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।दमकल विभाग के कर्मचारी सतीश ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं।

उप पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

-------------------------

कुरुक्षेत्र के लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में नाबालिग से कथित यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी कंसल्टेंट डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कंसल्टेंट डॉक्टर पर आरोप है कि इसी डॉक्टर ने नाबालिग के साथ अपने OPD के कमरे में कई बार दुष्कर्म किया।

कुरुक्षेत्र थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिद्धू ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है ।

पुलिस ने आरोपी को अदालत मे पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

-------------------------

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने कुरुक्षेत्र के अस्पताल में नाबालिग लड़की के उत्पीड़न का कड़ा संज्ञान लिया है।

उन्होंने अधिकारियों से गहन जांच के आदेश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमित मिश्र ने आरोपी डॉ की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी हैं।

--------------------------